प्रेम निस्सार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, खोकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, जैसे ही जैसे कि हम जीने के लिए सांस लेते हैं।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें

https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 38 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 30 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

कालारबांकी में आज गायत्री शक्तिपीठ निर्माण का भव्य भूमि पूजन

सिवनी यशोः- जिले के कलारबांकी में गायत्री मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दी गयी जानकारी में बताया गया है कि कलारबाकी में गायत्री शक्तिपीठ के निर्माण हेतु मंगलवार, 30 मई शाम 4:00 बजे से भव्य भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया है इस कार्यक्रम में जिले के समस्त धर्मअनुरागी, अध्यात्मभाव रखने वाले एवं धर्मध्वजा की पताका को शिरोधार्य करने वाले भक्तों से से अधिक से अधिक सं या में पहुँचने की अपील समिति द्वारा की गयी है। कलारबाकी बस स्टैंड में गायत्री शक्तिपीठ के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम में भूमि पूजन पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा जिसमें सभिलत होने शालिकुंज हरिद्वार के साधकगण भी पधार रहे हैं ज्ञातव्य हो कि जिला मु यालय में गायत्रीमंदिर के साथ शक्तिपीठ और जिले के अन्य तहसीलों में भी शक्तिपीठ है परंतु सैकड़ो गांव का केन्द्र कालारबांकी में शक्तिपीठ के निर्माण की आवश्यकता गायत्री साधकों के लिये महत्सूस की जा रही थी और अध्यात्म की ओर लोगों की रुचि हो लोग यज्ञ पर साधना,पूजन,आत्मचिंतन के केंद्र के बनने से उसका लाभ ले सके आशा यह पावन पुनीत भूमि पूजन का कार्य मां गायत्री के अनन्य भक्त की अगुवाई में जमीन दान देने पर प्रारंभ होने जा रहा है।

जिले की चारों विधानसभा में जीत के संकल्प के साथ कार्य में जुटे - द्विवेदी

सिवनी यशोः - हमारा संगठन राष्ट्र को परम वैभव पर पहुँचाने के लिये निरंतर काम कर रहा है और इस कार्य के लिये सत्ता महत्वपूर्ण होती है सत्ता हमारे लिये सुख और व्यक्तिगत लाभ के लिये नही सत्ता के माध्यम से आमजनता की सेवा और राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करते हुये विश्व के कल्याण की कामना से भाजप ने काम किया है और यही कारण है कि हमारी केन्द्र और प्रदेश सरकार के प्रति आमजनता में सितर विश्वास बढ़रहा है परंतु विरोधी राजनैतिक दल भ्रम और झूठ के सहारे आम जनता को गुमराह कर रहे है इसके लिये हम सभी को अपने अपने प्रभाव और जि मेदारियों के अनुरूप आम जनता के बीच सक्रियता से काम करते हुये जनता को इस विरोधियें के झूठे आभ मंडल से बाहर निकालकर जिले की चारों विधानसभाओं में पंचंड जीत सुनिश्चित करने के लिये संकल्पित भाव से काम करना है। उद्गशय के विचार भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा जिला संगठन सिवनी के नव नियुक्त प्रभारी अरुण द्विवेदी द्वारा जिले के प्रथम प्रवास के दौरान व्यक्त किये गये उन्होंने अपने प्रथम प्रवास पर जिले की प्रबंध समिति की बैठक ली इसके पश्चात बरघाट विधानसभा चुनाव प्रबंधन टोली की बैठक ली, दोपहर पश्चात भाजप जिला कार्यालय महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक ली इसके पश्चात अपरान्ह 4:00 बजे सिवनी विधानसभा संचालन टोली की बैठक ली तथा शाम 5:30 बजे सभी मोर्चो के अध्यक्षा महामंत्री एवंप्रकोष्ठो के लिला संयोजको तथा पार्टी के वरिष्ठनेतो से चर्चा की।

जिला संगठन के प्रभारी श्री द्विवेदी ने कार्यकर्त्ताओं का परिचय प्राप्त किया और उनसे उनके दायित्व के अनुरूप कार्य करने में आ रही परेशानियों की जानकारी लेते हुये कहा कि सभी की परेशानियों को दूर करने का पूरी क्षमता के साथ दूर करने का प्रयास किया जायेगा। यह समय चुनाव का है और हमें विरोधियों का सामना करना है। संगठन के द्वारा अनेक कार्यक्रम तेजी से आयेंगे इन सभी कार्यों को करते हुये जनता से समर्थन प्राप्त करने के लिये हमें अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। हमारी केन्द्र और प्रदेश की सरकारें ने जनकिकास के जैसे कार्य किये है वैसे पिछली कांग्रेस की सरकारों के कार्यकाल में कभी नहीं किये गये। श्री द्विवेदी ने कहा कि हमारी केन्द्र और प्रदेश की सरकार ने कोरोन जैसी वैश्विक बीमारी के समय भी जन सेवा का काम करते हुये विश्व स्तर पर मानवता को बचाने का जो काम किया है उसकी सराहना पूरी दुन्निया कर रही है। इतने बड़े संकट के समय भी हमारा नेतृत्व विचलित नहीं हुआ बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी पूरी सक्षमता बनाये रखने में सफलता प्राप्त की है।

इस अवसर पर भाजप्ा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ,जिला प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, और अलग बैठको में आपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

दर्शना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर को किया गौरवान्वित

बरघाट यशोः- माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा शासकीय एवं गैर शासकीय विद्यालयों के बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम विगत दिनों को घोषित किए गए जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट में अंग्रेजी माध्यम से कक्षा 12 वी गणित संकाय की छात्रा दर्शना धुर्वे पिता चंद्रकांत धुर्वे एवं श्रीमती हेमलता धुर्वे की बेटी ने 500 अंक में से 461 अंक लेकर 92.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर समूचे बरघाट ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल कर अपना परचम लहराते हुए अपने विद्यालय का नाम रोशन करते हुए अपने माता पिता एवं नगर बरघाट को भी गौरवान्वित किया है। दर्शना धुर्वे एक मध्यमवर्गीय परिवार से है। दर्शना धुर्वे एक मध्यमवर्गीय परिवार से है। दर्शना धुर्वे ने बताया कि वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं। इस सफलता का श्रेय स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक/ शिक्षिका, माता-पिता के साथ-साथ अपने चचा सूर्यकांत सिंह धुर्वे (शिक्षक) को दिया हैं जिन्होंने दर्शना को समय-समय पर उचित मार्गदर्शन दिया।

वहीं कुमारी आकांक्षा राहंगडाले शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट ने कक्षा 12 वीं गणित समूह अंग्रेजी माध्यम में 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं ब्लॉक में दूसरा स्थान प्राप्त किया जिस पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बधाई दी।

कुमारी शैलजा तिवारी का सुयश

उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट की छात्रा कुमारी शैलजा पिता जीवनलाल तिवारी ने कक्षा 10 वीं में कुल 500 अंक में से 478 अंक 95.6 प्रतिशत अर्जित कर खला एवं बरघाट में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किये। कुमारी शैलजा ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता पिता को दिया है।

टिफिन सेन्टर का व्यवसाय से हम बनेंगे आत्म निर्भर छात्राओं ने प्रैक्टिकल कर दिखायी प्रतिभा

सिवनी यशोः- गृह विज्ञान एक ऐसा विषय है जो छात्राओं के भविष्य में आने वाली कठिनाईयो को दूर करने का कार्य करता है। वर्तमान में छात्राये किराये से रहने वाले प्रवासी लोगो के लिये भोजन का टिफिन पहुंचाने का काम करती है। इस कार्य से उन्हे लाभ कैसे प्राप्त हो जिसको लेकर प्राचार्य डा0 अर्चना चन्देल ने बताया कि भोजन की गुणवता और न्यूनतम दाम से आप इस व्यवसाय को अच्छी तरह स हाल सकती है। उक्त उदगार छात्राओं द्वारा अ यास के रूप में बनाये गये भोजन के दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्या महाविद्यालय में व्यक्त किये।

गाम टिफिन सेन्टर के नाम से एक आदिवा टिफिन सेन्टर के नाम से संचालित छात्राओं ने बताया कि उन्के द्वारा बनाये गये भोजन में रोटी (फूलका) आलू की सब्जी, सलाद या दाल तड़का एवं खाद चावल का समावेश किया गया। इन दोनें टिफिन सेन्टरों की संचालक आयशा आरजू, अलफिया तन्वी अयूशी, अलिया अमृता अफरिन आदिब अंजुम आदि शामिल हुं।

छात्राओ के द्वारा बनाये गये भोजन का सास्वादन करते हुये डॉ. रूचिका यदु, लक्ष्मी मेश्राम, सोनाली जायसवाल, श्री अहिरवार, आशीष सुन्दर सहित अनेक लोग शामिल हुये। छात्राओं ने बताया कि जब बाजार में अमृत चाय और जोमेटो क फनिया भोजन नाश्ता विभिन्न होटलों के माध्यम से पहुँचा रही है ऐसे में हमने भी टिकिन सेन्टर के माध्यम से इस व्यवसाय में उठने का बीड़ा उठाया है। हमें विश्वास है कि हमारी मेहनत व्यर्थ नही जायेगी और हम इस व्यवसाय से आत्म निर्भर बनेंगें।

घटिया सीसी सड़क निर्माण प्रारंभ नगर परिषद छपारा मौन

छपारा यशोः- नगर परिषद छपारा में होने जा रहे पक्के निर्माण कार्य जैसे नाली सीसी सड़क और रिटेनिंग वॉल के टेंडर होने के बाद कार्य प्रारंभ होने की स्थिति है और कुछ कार्य प्रारंभ भी हो गए हैं इन निर्माण कार्यों के प्रारंभिक स्तर पर ही घटिया गुणवत्ता दिखाई देने लगी है परिषद इकाई के वार्ड जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं जैसे इन जवाबदारों ने ठेकेदारों से मोटे कमीशन ले रखी है ठेकेदार मनमाने स्तर से कार्य प्रारंभ कर रहे हैं निर्माण कार्यों को देखने समझने व बोलने वाला परिषद में कोई नहीं है नगर परिषद छपारा के वार्ड क्रमांक 3 बिच नगर वार्ड में स्थित बड़े बगीचा हनुमान मंदिर जाने वाली रोड जो सक्कर सिटी से शनीचरी मोहल्ला जाती है उक्त रास्ता में सीसी सड़क बनाए जाने के लिए ठेकेदार ने काम प्रारंभ कर दिया है लेकिन प्रारंभिक कार्य में ही घटिया स्तर देखने में पाया गया तो हनुमान मंदिर समिति ने घटिया कार्य पर रोक लगा दिया है और मौके पर मु न नगर परिषद अधिकारी व उपाध्यक्ष भी पहुंचे तो वह भी घटिया निर्माण कार्य को देखकर शर्मिंदा हो गए और जवाब

ने दे सके।

स्टीमेट के विपरीत बन रही सीसी सड़क

छपारा के बड़े बगीचा हनुमान मंदिर शनिचरी रोड जो लगभग 900000 की लागत से 194 मीटर सीसी सड़क का कार्य प्रारंभ किया गया है जो स्टीमेट की गाइडलाइन के विपरीत कार्य कराया जा रहा है `योंकि स्टीमेट में 20 सेंटीमीटर निर्माण के पहले खुदाई होना चाहिए था और 10 सेंटीमीटर मुरम डालकर व बेस बनकर थ मस या रोलर चलाया जाना चाहिए था जो नहीं किया गया उसके बाद 10 सेंटीमीटर कंक्रीट का बेस डाला जाना जाना चाहिए था जो मौके पर नहीं है इसके बाद 15 सेंटीमीटर टॉप लेयर कांक्रीट डाला जाना चाहिए वर्तमान मौके पर केवल 4 सेंटीमीटर टॉप कंक्रीट लेयर है इस तरह सीसी सड़क कंक्रीट मटेरियल पर 25 सेंटीमीटर मोटाई थीकनेस की बनन था जो मौके पर केवल 15 सेंटीमीटर ही मोटाई की बनाई जा रही है इस तरह ठेकेदार मनमर्जी से सीसी सड़क के निर्माण को अंजाम देते हुए निर्माण कार्य कर रहा है जो घटिया व गुणवत्ता हीन है सीसी सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखकर बड़े बगीचा हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों ने विरोध जताया और अधिकारियों को बुलाकर मौका निर्माण स्तर से अवगत कराते हुए काम पर रोक लगाने की मांग की

नगर परिषद छपारा में नहीं है सब्बडिजिनियर

नगर परिषद छपारा तकनीकी अधिकारी विहीन हैं बिना तकनीकी अधिकारी की देखरेख में समस्त निर्माण कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है जबकि परिषद में टेंडर प्रक्रिया के तहत निर्माण कार्य होते हैं जो स्टीमेट के मापदंड के अनुसार कराए जाने चाहिए साथ ही प्रत्येक निर्माण कार्य तकनीकी अधिकारी की निगरानी में होने चाहिए लेकिन छपारा नगर परिषद में तकनीकी अधिकारी ना होने व जवाबदारी की अक्ज्ञतता के चलते ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं नगर परिषद के जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को तकनीकी मापदंडों का ज्ञान नहीं हैं जिसका फायदा ठेकेदार उठा रहे हैं परिणाम स्वरूप गुणवत्ता विहीन कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है

जवाब देने से बच रहे अधिकारी

बड़े बगीचा हनुमान मंदिर रोड पर घटिया सड़क निर्माण के विरोध में जब सीएमओ और नगर परिषद उपाध्यक्ष मौके पर पहुंचे तो अधिकारी ने घटिया काम को देखकर मौन धारण कर लिया व जवाब देने से बचते रहे सीएमओ ने ठेकेदार को दूरभाष पर कहा कि स्टीमेट के आधार पर काम कराएं नहीं तो कार्य बंद कर देना छपारा नागरिकों का कहना है कि पूर्व में छपारा ग्राम पंचायत थी उस समय जो निर्माण कार्य होते थे उससे भी बदतर घटिया स्थिति में निर्माण कार्य नगर परिषद में हो रहे हैं इसलिए समस्त निर्माण कार्य तकनीकी अधिकारियों की देखरेख में होने चाहिए व दोषी ठेकेदारों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए यदि ऐसा नहीं होता है जागरूक नगरवासी घटिया निर्माण कार्यों पर विरोध प्रदर्शन करेंगे

श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा सद्गुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव

कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में

छपारा यशोः- नगर में विगत 20 वर्षो से पूज्य पाद कबीर दर्शनाचार्य संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामजीवन शास्त्री साहेब आचार्य पीठ कबीरधाम सागर के सभापतित्व एवं मार्गदर्शन में सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति द्वारा विश्व वंदनीय परमात्मा सदगुरु कबीर साहेब के सत्य, अहिंसा, एकता, समता के मानव हित संदेशों को जन जन तक पहुंचा कर श्रेष्ठ आदर्श व्यक्ति, आदर्श परिवार एवं स्वस्थ समाज का निर्माण कर समस्त भ्रांतियों एवं पाखंडों का उन्मूलन कर समाज में सांप्रदायिक सद्भावना उत्पन्न करने एवं मानव समाज की सेवा करने के उद्देश्य से मनाए जा रहे सद्गुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव एवं त्रिदिवसीय सत्संग कार्यक्रम की नगर में तैयारियां अंतिम चरण में है।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष का कार्यक्रम क्रमशः 1,2 एवं 3 जून 2023 को होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश कुमार अवधिया ने बताया कि गुरुवार 1 जून को सुबह 9:00 बजे से सभापति के कर कमलों से झंडा वंदन एवं दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ,कबीर दर्शन पर चिंतन ,सत्संग कार्यक्रम के पश्चात भोजन होगा ।दोपहर 2 से भजन गान, प्रवचन ,सत्संग किया जायेगा। रात्रि 8 बजे से संध्या पाठ, भोजन एवं भजन संध्या का कार्यक्रम रहेगा।

इसी तरह शुक्रवार 2 जून को मु य अतिथि राकेश पाल विधायक केवलारी विधानसभा ,माननीय आलोक दुबे भाजप जिला अध्यक्ष नीत पटेरिया पूर्व भाजपा सांसद ,विधायक , विशिष्ट अतिथि ठाकुर जयदीप सिंह भाजप जिला महामंत्री सिवनी, पंक ज जोलदेव मंडल अध्यक्ष, राजेश श्रीमली होंगे।

वही प्रातः 8 बजे से गुरु महिमा पाठ ,भजन गान, सत्संग तत्पश्चात भोजन, दोपहर 2 से भजन गान ,प्रवचन एवं सत्संग। रात्रि 8:00 बजे से संध्या पाठ, भोजन एवं भजन संध्या।

शनिवार 3 जून को मु य अतिथि ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी पूर्व विधायक केवलारी, विशिष्ट अतिथि जयकेश सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश जैन पूर्व विधायक सिवनी, वरिष्ठ कांग्रेसी सूरज लाल बंजारा उपस्थित रहेंगे। प्रातः 8 बजे से सत्येश्वर सदगुरु कबीर साहेब के प्रकट दिवस के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा सद्भावना रैली धूमधाम से नगर में निकाली जाएगी,दोपहर 11 बजे से सत्य पुरुष पूजन, गुरु पूजा ,सात्विक यज्ञ चौका आरती एवं आशीर्वचन, तत्पश्चात भंडारा एवं समापन।सत्संग कार्यक्रम प्रतिदिन दोनों सत्र में होगा ताकि सत्संग का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके।प्रति वर्ष की भांति इस

वर्ष भी मेघावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जावेगी अतः अंकसूची साथ लेकर आएं। बालक बालिकाएं एवं महिला मंडल भी अपने भजनों की प्रस्तुति देने हेतु तैयारी करके आएं। क्षेत्रीय गायक कलाकारों द्वारा भजनों की भव्य प्रस्तुति होगी। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालु भक्तजनों से अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होकर सत्संग एवं धर्म लाभ लेकर अपने जीवन को सफल बनाने की अपील की है।

वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता दिल्ली में धारना विद्यालय के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

बरघाट यशोः- शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन नई दिल्ली में 6 से 12 जून के मध्य होने जा रहा है,` योंकि पिछले 2 वर्षों से स्कूल शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय खेल कानूनी कारणों से नहीं हो पा रहे थे मगर इस वर्ष इसकी शुरुआत के चलते खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला है, इस वर्ष सीनियर खिलाड़ियों की सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता अयोजित की जा रही है, जिसमें मध्य प्रदेश की वेटलिफ्टिंग टंग के राज्य स्तरीय दल में धारना विद्यालय के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है ,जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन करते हुए अपने भार वर्ग में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने का भी गौरव प्राप्त किया ,गौरतलब है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धारना कला में पीटीआई संदीप मिश्रा द्वारा वेटलिफ्टिंग टंग का प्रशिक्षण निरंतर दिया जाता है जिसके चलते प्रतिवर्ष यहां से प्रतिभाशाली वेटलिफ्ट टर

राष्ट्रीय प्रतियोगिता तक अपनी पहुंच बना पाते हैं पूर्व में इस विद्यालय से वेटलिफ टर खेलो इंडिया तक मैं अपना प्रदर्शन कर चुके हैं और मध्यप्रदेश के नाम को गौरवान्वित कर चुके हैं, अब तक इस विद्यालय से 27 खिलाड़ी इस खेल में राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन कर चुके है ,इस वर्ष बालक वर्ग वर्ग में लकेश सोनी और तनुज भगत ने बालक वर्ग में, बालिका वर्ग में प्रियंका ठाकुर और ज्योति विश्वकर्मा भी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करने में सफल रही, वहीं जूनियर वर्ग में प्राची पंचेश्वर और मनीष चक्रवर्ती भी राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही थी, यह चारों खिलाड़ी 27 मई को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के लिए सीहोर निकल चुके हैं , साथ ही इस राष्ट्रीय दल में बालिका वर्ग के कोच के तौर पर संदीप मिश्रा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी सेवाएं देंगे ,शिक्षक एवं खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर धारना विद्यालय परिवार एवं सभी खेल प्रेमियों ने बच्चों के अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

प्रकृति का संरक्षण करती है सनातन संस्कृति

दीपक विश्वकर्मा-

घटना श्रीराम जन्मभूमि की सुननाई के दौरान की है, जब सर्वोच्च न्यायालय में ढांचा पक्ष आत्मघाती मोड में आकर जन्मभूमि पक्ष के सारे तर्क काटता जा रहा था और सभी हिन्दू प्रतीकों को अपना बताता जा रहा था, ` योंकि उसका उद्देश्य कैसे भी करके उसे जन्मभूमि पर अपना कब्जा कायम रखना था।

दूसरी ओर सिर्फ वकील ही नहीं थे अपितु श्री रामजन्मभूमि का पक्ष रख रहे लोगों में कुछ धर्मज्ञ भी थे, जो ढांचा पक्ष के सारे छल बल देख समझ रहे थे अंततोगत्वा उन्होंने अपने बचाव में ब्रा हस्त्र प्रयोग किया अर्थात अंतिम साक्ष्य प्रस्तुत किया गया, वह खुदई में मिल एक भित्ति चित्र था, और वह चित्र भगवान वराह का ही था, जिसमें वह धरा को अपने दांतों पर उठाए हैं।

इसके आते ही कन्नाई ढांचा पक्ष के तोते उड़ गए, ` योंकि वह एक एक कर जन्मभूमि पक्ष के सभी साक्ष्यों को अपनी संस्कृति का हिस्सा बताए जा रहे थे, लेकिन इसको देख वह भी अभर्मसंकट में आ गए या कहें कि उनका अधर्म

ही संकट में आ गया।

भला वह वराह को कैसे स्वीकारें यहां दो बातें हुईं जो सिर्फ सनातन में ही संभव हैं, पहला अनादिकाल से प्रकृति का संरक्षण और दूजा सभी जीव, जंतु, योनियां यहाँ स पूज्य हैं। कभी देखिए गरुण तो कभी वानर रूप में हनुमान, कभी गजराज रूप में गणेश और ऐरावत तो वनवासी राम और कैलाशवासी आदिशिव।

यह बात दुनिया के किसी अन्य मत, मजहब, पंथ, स प्रदाय में संभव नहीं है.... और आगे भी हो इसकी संभावना नजर नहीं आती। दूसरे शब्दों में कहें तो इस मामले में हमारी विजय हमारी प्रकृति संरक्षक पहचान ने ही कराई। एक सनातनी के जन्म से लेकर मरण तक हर कदम पर प्रकृति का सहचर्य है। पैदा होने पर मिट्टी के घड़े में उबाली गई जड़ी बूटियों के रस(काढ़े) से लेकर मरण पर प्रवाहित जल में अस्थि प्रवाहित कर उसके शुद्धिकरण तक हम हर पल पल प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रकृति के लिए कुछ न कुछ करते रहते हैं।

कालक्रम ने बहुत कुछ बदला, कई रीति परंपराएं विदेशी हस्तक्षेपों से दूषित भी हुईं। लेकिन आज भी हमारी मूल पहचान बची हुई हैं। प्रकृति के संरक्षक की, संवर्धन की, उससे अप्रीतिम प्रेम की। आज पुनः हमें अपनी उस पहचान के दायरे को बढ़ाने की आवश्यकता है। एक रोज सुबह सुबह नदी पर था, तो एक बुजुर्ग स्नान कर रहे थे वह अपनी लय में ही भजन गा रहे थे। ÷नदिया नारायण, नारायण, नारायण

सूरज नारायण, नारायण, नारायण पर्वत नारायण, नारायण, नारायण÷ क्षण भर के लिए ऐसा लगा कि उनकी आवाज ने युगों की निद्रा से जगा दिया हो, हमारे तथाकथित किताबी ज्ञान के अभिमान को चूर चूर कर दिया।

` योंकि हमारे लिए यह पर्वत, नदियां, चाँद, सूरज, वायु, यह सब नारायण ही हैं। वेदों में जिन 33 कोटि देवों की बात की जाती है वह यही प्रकृति तत्व तो हैं, यही सब इंद्र के दरबार में हैं। जब कभी कोई मित्र मुझसे पूछता है कि तुमने ईश्वर को देखा है तो मैं गर्व से कहता हूं, बिल्कुल देखा है, रोज देखता हूँ, प्रतिपल मेरे समक्ष रहता है।

गर तुम भी देखना चाहते हों तो कर्मकांडों, पूजा पद्धतियों से आगे निकलकर धर्म को देखो/पहचानो। बस दृष्टि हो तो तु हे सुबह, शाम, दिन, दोपहर, रात्रि जब चाहो ईश्वर दिख सकते हैं। अब भला कौन सूर्य, चंद्र, वायु, वरुण का अस्तित्व नकार सकता है। कौन है जो यह कह सके कि उसे यह दिखाई नहीं देते।

हमारी सभी तरह की पूजा पद्धतियां, रीति, रिवाज, परंपराएं अंततोगत्वा हमें प्रकृति से जोड़ने के उपक्रम हैं, ` योंकि हमारा प्रथम और अंतिम धर्म यही है। कभी पितृपक्ष के बहाने कौओं का संरक्षण करना है तो नागपंचमी के बहाने समस्त सर्प जाति के प्रति दयावान बने रहने की बात याद करना है।

और जब जब हम भटकने लगते हैं तो श्रीहरि नारायण स्वयं प्रगटते हैं, कभी आदिशक्ति सीता मैया के रूप में अपने बच्चों को सिखाती हैं कि चूल्हे के लिए वृक्ष नहीं काटना है बल्कि सूखी टहनियां एकत्रित करनी हैं। तो कभी वह श्याम रूप में आकर भटकी हुई दुनिया को पर्यंतराज गोवर्धन के माध्यम से प्रकृति का सर्वोच्च स्थान देने की शिक्षा देते हैं।

कभी राजा त्रिशि तो कभी महर्षि दधीचि को शिक्षा का निमित्त चुनते हैं। आशय यही है, की प्रकृति को सर्वोच्च रखिए... राम, कृष्ण, शिव सबका स्पष्ट संदेश यही है और यही हमारे हिन्दू होने की प्रथम और अंतिम पहचान। आज विश्व पृथ्वी दिवस पर अपनी देशज परंपराओं को निभाने का और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लें, शुभकामनाएं।

जखमौली गांव के नजदीक सिंध नदी के बीहड़ में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई

भारतीय वायुसेना के एक लड़ाकू हेलीकॉप्टर की भिंड ज़िले में इमरजेंसी लैंडिंग करायी गई है। इस विमान ने एयरफोर्स के ग्वालियर बेस से उड़न भरी थी लेकिन भिंड जिले से गुज़रते समय बीहड़ों में इसकी आपात लैंडिंग कराई गई। यहं यों किया गया, इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

भारतीय वायु सेना का लैंड हुआ हेलीकॉप्टर अपाचे अटैक एएच 64 हेलीकॉप्टर है। यह एक लड़ाकू विमान है। इस हेलीकॉप्टर ने सुबह ग्वालियर एयर फोर्स बेस से उड़न भरी थी। करीब 10 बजे अचानक इसे भिंड जिले के नयागांव थाना इलाके के बीहड़ों में जखमेली गांव के पास इमरजेंसी लैंड कराया गया। जिस समय इसे लैंड कराया गया, उस समय हेलीकॉप्टर में वायुसेना के दो पायलट मौजूद थे। अचानक इस तरह गांवों के पास बीहड़ में हेलीकॉप्टर उतरने से ग्रामीण भी दहशत में आ गए। कुछ ही देर में हेलीकॉप्टर के आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। इसके बाद उमरी थाना पुलिस और नयागांव थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

वायुसेना ने कहा- एहतियात के तौर पर लैंड कराया

भारतीय वायुसेना ने ट्वीट कर बताया कि अपाचे एएच-64 हेलीकॉप्टर को भिंड के पास एहतियात लैंड कराया गया है। स्टीन ऑपरेशल ट्रेनिंग के दौरान यह कराया गया। चालक दल के सभी सदस्य और हेलीकॉप्टर सुरक्षित है। रैं टफिकेशन टीम मौके पर पहुंच चुकी है।

चुनाव से पहले एमपी की इन 6 पार्टियों पर गिरी गाज, चुनाव आयोग ने लिस्ट से हटाया

ऐसी राजनीतिक पार्टियां जो निर्वाचन आयोग में पंजीकृत हैं, लेकिन उनकी गतिविधियां शून्य होती हैं, उन्हें निश्चित समय के बाद लिस्ट से हटाकर निष्क्रिय घोषित किया गया है.

मध्य प्रदेश में 6 महीने बाद विधानसभा चुनाव है. चुनावों को देखते हुए जहां राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं तो वहीं चुनाव आयोग भी तैयारियों में व्यस्त है. मध्य प्रदेश में पंजीकृत अमान्यता प्राप्त 94 राजनीतिक पार्टियां हैं. इनमें प्रदेश की 6 पार्टियां ऐसी हैं, जिन्हें आयोग ने अमान्य करार दिया है. आयोग ने इन 6 रजिस्टर्ड अमानस्ता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को सूची से हटा दिया है. बताया जा रहा है कि इन राजनीतिक पार्टियों का आयोग की सूची में गलत पता दर्ज है. साथ ही, लंबे समय से ये सभी निष्क्रिय हैं.

एडिशनल चीफ इले शन ऑफिसर राजेश कुमार कौल के अनुसार, ऐसी राजनीतिक पार्टियां जो निर्वाचन आयोग में पंजीकृत तो होती हैं, लेकिन उनकी पार्टियों की गतिविधियां शून्य होती हैं. ऐसी निष्क्रिय पार्टियों को निश्चित समय के बाद सूची से हटाकर निष्क्रिय घोषित किया गया है.

ये है उन पार्टियों की लिस्ट-

1. भारत अहसन पार्टी, इंदपुरी
2. भारतीय गणतंत्र पार्टी बागमुगालिया भोपाल
3. महाकौशल विकास पार्टी, जबलपुर
4. राष्ट्रीय इंडिया पार्टी मुरैना
5. राष्ट्रीय समाजवादी पार्टी प्रगतिशील, ग्वालियर
6. सत्यविजय पार्टी, इंदौर

चुनाव आयोग ने तेज की तैयारियां

इधर, चुनावों को देखते हुए आयोग भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है. चुनाव से पूर्व आयोग ने मतदाता सूची के लिए प्लानिंग बना ली है. चुनाव आयोग की प्लानिंग के लिए चार अे ट्रबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा. निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को लेकर अलग-अलग तारीखों में कैंपेन चलाएगा. निर्वाचन आयोग ने जो प्लानिंग बनाई है, उसके अनुसार निर्वाचन आयोग नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं के नाम हटाने और वोटर आईडी कार्ड में संशोधन के लिए चार अे ट्रबर से पहले तक ब्रिजि लगाए, जबकि 23 23 जून तक बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और पहले से दर्ज नामों को वेरीफाई करेंगे.

2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, मृत मतदाता और दोहरी प्रवृष्टि वाले वोटर्स के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे. 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा. सभी काम निपटने के बाद चुनाव आयोग चार अे ट्रबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा.

एयरपोर्ट एक्सप्रेस बस सेवा शुरू, पहली बस में 13 यात्रियों ने की यात्रा

भोपाल। गांधी नगर स्थित एयरपोर्ट से नर्मदापुरम रोड तक परिवहन स्नुाम बनाने के लिए सोमवार से बीसीएलएल द्वारा एयरपोर्ट ऐ स्प्रेस की शुरुआत की गई है। पहली बस में 13 यात्रियों ने एयरपोर्ट से मिसरोद तक की यात्रा की।

बता दें कि नर्मदापुरम रोड से एयरपोर्ट पहुंचने के लिए सीधे परिवहन की कनेंटिविटी नहीं थी। ऐसे में लोगों को महंगा किराया चुकाना पड़ता था। लेकिन एयरपोर्ट ऐ स्प्रेस की शुरुआत होने से गांधी नगर से मिसरोद तक 30 किलोमीटर के सफर में 1.10 घंटे का समय लगेगा, वहीं इसके लिए 45 रुपये किराया चुकाना होगा।

जबलपुर में अतिक्रमण से मुक्त कराई भूमि पर बनेगी सुराज कॉलोनी-आयुक्त

95 करोड़ से अधिक की भूमि पर होगा 192 आवासों का निर्माण

भोपाल - म.प्र.हाउसिंग बोर्ड मध्यप्रदेश हाउसिंग एवं अधो-संरचना विकास मंडल के अयुक्त श्री चंद्रशैलि शु ल ने बताया कि सुराज नीति-2023 में जबलपुर में अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमिपर मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप आवासहीन और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भूखंड एवं आवासीय कॉलोनी का निर्माण हाउसिंग बोर्ड करेगा।

आयुक्त श्री शु ल ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई 95 करोड़ 54 लाख रूपए मूल्य की 4.565 एकड़ भूमि को सुराज कॉलोनी के रूप में विकसित कर 12-12 आवासों के 16 टॉवर बनाए जायेंगे। कै पस में क यूनिटी हॉल, एवं कौशल विकास केन्द्र, विकसित पार्क, बाउन्ड्री वॉल के साथ भव्य द्वार भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि महाराजपुर में 172 हे टेयर क्षेत्र में और ग्राम करमता में 0.809 हे टेयर क्षेत्र में निर्वतन पद्धति से निज निवेश के रूप में निर्माण कराया जाएगा। निर्वतन के अंतर्गत भूमि का कुछ भाग निज निवेशक को सौंप कर उसके मूल्य के बदले निवेशक द्वारा निर्माण कार्य कराया जाएगा। ग्राम गौरव्या में हाउसिंग बोर्ड स्वयं के निवेश से निर्माण कार्य करेगा।

सु-राज कॉलोनी

आयुक्त श्री शु ल ने बताया कि अपने नाम को चरितार्थ करती इस सु-राज कॉलोनी में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।मु य शहर के नजदीक होने के साथ ही बाजार, स्कूल, अस्पताल, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, स्कूल इस कॉलोनी के नजदीक ही स्थित हैं। नागरिकों को मात्र 8 लाख 50 हजार रूपये की कीमत में आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

भारतीय सेना ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों का 75वां अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया

भारतीय सेना ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के 75वें अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आज थल सेना प्रमुख, वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ, नौसेना एवं वायु सेना, विदेश मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियें द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद हुए साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह वह दिवस है जिस दिन वर्ष 1948 में पहले संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन, ÷यूएन ट्रूस सुपरविजन ऑर्गनाइजेशन (यूएनटीएसओ)÷ ने फिलिस्तीन में अपना अभियान शुरू किया था।

प्रत्येक वर्ष इस दिन संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के देश उन सभी पुरुषों और महिलाओं के पेशेवर रूख, समर्पण और साहस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सेवा की है या सेवा कर रहे हैं तथा शांति की स्थापना में अपने जीवन की आहुति देने वाले उन लोगों की स्मृति का भी स मान करते हैं। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है।

भारत की संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में योगदान देने की एक समृद्ध विरासत

रही है और वह शांति सैनिकों का एक सबसे बड़ा योगदान देने वाला देश है। भारत ने अब तक ऐसे शांति अभियानों में लगभग 2,75,000 सैनिकों का योगदान दिया है, वर्तमान में 12 संयुक्त राष्ट्र मिशनों में लगभग 5,900 सैनिक तैनात हैं। भारतीय सेना के जवानों ने चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी काम किया है और संयुक्त राष्ट्र के आदेशों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने की सीमा तक अनुकरणीय पेशेवर रूख, मानवीय दृष्टिकोण, साहस और वीरता का प्रदर्शन किया है। भारतीय सेना के 159 जवानों ने पूरी दुनिया में शांति स्थापना सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। मौजूदा तैनाती के बाद भारत ने संयुक्त राष्ट्र के अनुरोध पर एक इन्फैंट्री बटालियन ग्रुप और हेलिकॉप्टर के साथ कार्वेट को हार्ड पावर के रूप में तथा एक इंजीनियर कंपनी और सिग्नल कंपनी को बल सहायक के रूप में तैनात किया है। संयुक्त राष्ट्र शासनादेश के तहत अशांत क्षेत्रों में महिला शांति सैनिकों की आवश्यकता को देखते हुए भारत ने मोनस्को और यूनिस्फा (लाइबेरिया के बाद दूसरा सबसे बड़ा महिला दल?ता) में फीमेल इंगेजमेंट टीम (एफईटी) तैनात की है। भारत ने यूएनडीओएफ में भी महिला सैन्य पुलिस और विभिन्न मिशनों में महिला अधिकारियों/सैन्य पर्यवेक्षकों को भी तैनात किया है।

भारतीय सेना ने शांति अभियानों में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) की स्थापना की है। यह केंद्र प्रति वर्ष 12,000 से अधिक सैनिकों को प्रशिक्षित करता है। सीयूएनपीके संभावित शांति सैनिकों और प्रशिक्षकों के लिए आकस्मिक प्रशिक्षण से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों के लिए भी कई तरह की प्रशिक्षण गतिविधियाँ आयोजित करता है। यह केन्द्र क्षेत्र प्रक्रिया सप्ता करने के एक हिस्से के रूप में विदेशी प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी भी करता है। यह केन्द्र संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना प्रशिक्षण के क्षेत्र में क्षमता निर्माण के हिस्से के रूप में मित्रवत विदेशी राष्ट्रों के लिए सोबाहल प्रशिक्ष दल भी भेजता है। यह संस्थान दो दशकों में उत्कृष्टता केंद्र और अनुभव तथा सर्वोत्तम प्रथाओं के भंडार के रूप में विकसित हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र मिशनों में भारतीय दस्तों की परिचालन दक्षता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सेना ने अत्याधुनिक उपकरण और वाहन भी तैनात किए हैं। इन वाहनों और उपकरणों का भारत में निर्माण हुआ है और इन्होंने शांति मिशन क्षेत्रों के दुर्गम इलाकों, कठिन मौसम तथा विषम परिचालन स्थितियों की अनिश्चितताओं का भी सफलतापूर्वक सामना किया है।

भारत संयुक्त राष्ट्र, मेजबान देशों और साझेदार देशों के लिए क्षमता विकास के क्षेत्र में सबसे आगे रहा है। भारत ने हमेशा चुस्त और लचीली इकाइयाँ, शांति रक्षक प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक सहायता और तकनीकी वृद्धि में योगदान देते हुए लैंगिक समानता बढ़ाकर संयुक्त राष्ट्र की पहलों में मदद करने का प्रयास किया है। भारत, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे के विकास और नागरिक-सैन्य सहयोग (सीआईएमआईसी) गतिविधियों को उपलब्ध कराकर मेजबान राष्ट्र क्षमता विकास के लिए लगातार सक्रिय सहायता उपलब्ध करा रहा है।

केंद्र सरकार ने शुरू की पर्सनल फाइनेंस से जुड़ी ये खास योजनाएं, जानें - या हैं इनके फायदे?

: केंद्र सरकार ने पर्सनल फाइनेंस से जुड़ी कई योजनाएं शुरू की हैं, जिससे देश के नागरिकों को कई तरह के लाभ मिल रहे हैं. प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) समेत कई योजनाएं शामिल हैं.

केंद्र सरकार ने फाइनेंशियल इं लूजन (Financial Inclusion) को बढ़ावा देने, लोगों को इ पोंवर करने और देश के सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के मकसद से पर्सनल फाइनेंस से संबंधित कई योजनाएं शुरू की हैं. ये योजनाएं बैंकिंग, बीमा, रिटायरमेंट योजना और डिजिटल लेनदेन (Digital Transaction) जैसे विभिन्न पहलुओं को कवर करती हैं.

आइए, केंद्र की मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई कुछ प्रमुख योजनाओं के बारे में जानते हैं, जिनसे फाइनेंशियल इं लूजन को बढ़ावा मिल रहा है और समाज समृद्ध हो रहा है-

प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY)

प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) 2014 में शुरू की गई. यह एक फाइनेंशियल इं लूजन प्रोग्राम है, जिसका मकसद भारत में प्रत्येक घर को बैंक खाता प्रदान करना है. इस योजना के तहत, लोगों को जीरो-बैलेंस बैंक खाता खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसके जरिए बीमा कवरेज, क्रेडिट सुविधाओं तक पहुंच और सरकारी सब्सिडी जैसी सुविधाएं दी जाती हैं.

अटल पेंशन योजना (APY)

अटल पेंशन योजना है, जिसे 2015 में नागरिकों को उनके बुढ़ापे के दौरान एक स्थायी आय प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था. यह मु य रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है. इसमें कोई व्यक्ति अपने काम के वर्षों के दौरान अपने पेंशन फंड में योगदान कर सकता है और रिटायरमेंट के बाद एक निश्चित मासिक पेंशन प्राप्त कर सकता है.

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति श्रीमा योजना (PMJJBY)

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) 2015 में शुरू की गई एक जीवन बीमा योजना है, जो लोगों को सस्ती जीवन बीमा कवरेज प्रदान करती है. यह 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर मामूली प्रीमियम पर प्रदान करता है, जिसका मकसद पॉलिसीधारक का निधन हो जाने पर उसके परिवार के लिए फाइनेंशियल सुरक्षा सुनिश्चित करना है.

प्रधानमंत्री सुरक्षा श्रीमा योजना (PMSBY)

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) 2015 में शुरू की गई एक दुर्घटना बीमा योजना है. यह लोगों को न्यूनतम प्रीमियम पर आकस्मिक मृत्यु और विकलांगता पर कवरेज प्रदान करती है. इस योजना दुर्घटना में मृत्यु और स्थायी पूर्ण विकलांगता के लिए 2 लाख रुपये का कवर प्रदान करती है और स्थायी आंशिक विकलांगता के लिए 1 लाख रुपये का कवर प्रदान करती है.

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY)

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना देश में MSME (Micro, Small and Medium Enterprises) को फाइनेंशियल मदद पहुंचाने के लिए शुरू की गई. इसका मकसद गैर-कृषि आय-सृजन गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों, व्यवसायों और संस्थानों को लोन प्रदान करके उद्यमिता और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है. इस योजना ने छोटे व्यवसायों के लिए लोन तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने और उनके विकास को सक्षम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

पीएम वय वंदन योजना (PMVVY)

प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (PMVVY) देश के नागरिकों के लिए एक पेंशन योजना है, जो सरकार द्वारा प्रदान की जाती है. यह योजना सीनियर सिटिजन्स को फाइनेंशियल सुरक्षा देने के मकसद से शुरू की गई है. इस योजना के तहत, सीनियर सिटिजन एक निश्चित अवधि तक नियमित पेंशन प्राप्त कर सकते हैं.

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा पर्सनल फाइनेंस से संबंधित शुरू की गई स्की स के ये कुछ उदाहरण हैं. इनमें से प्रत्येक स्कीम फाइनेंशियल वेलफेयर के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जैसे बैंकिंग पहुंच, बीमा कवरेज, रिटायरमेंट योजना और उ द्य मि ता (Entrepreneurship) सपोर्ट. इन योजनाओं को लागू करके, सरकार का लक्ष्य फाइनेंशियल साक्षरता में सुधार करना, बचत को प्रोत्साहित करना और अधिक इं लूसिव और समृद्ध समाज का निर्माण करना है.

नारी सशक्तिकरण का काम संभालेगी लाडली बहना सेना

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाडली बहना योजना लाने के बाद अब एक और प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रदेश सरकार अब महिलाओं की योजना का फायदा दिलाने के साथ ही लाडली बहना सेना बनने वाली है। महिलाओं की ये सेनाएं ग्रामीण स्तर पर बना कर तैयार की जाएगी। ये सेना नारी सशक्तिकरण को लेकर कार्य करेगी।लानकारी के मुताबिक, सिर्फ छोटे गांव ही नहीं बल्कि बड़े गांवों में भी महिलाओं की सेना बनाई जाएगी। इसमें 21 बड़े और 11 छोटे गांव शामिल है। इनमें वो सभी महिलाऐं शामिल है जो आर्थिक रूप से कमजोर है।

कले टर ने लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये

समय सीमा बैठक स पत्र

सिवनी यशो:- कले टर श्री ब्रितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 29 मई को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती निधि सिंह राजपूत, अपर कले टर श्री सी.एल. चनाप सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभाग प्रमुख को दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रूप से अनुपस्थित पाए गए जिला प्रबंधक वेयर हाऊस को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया

कार्यवाही न करने पर सिक्किल सर्जन, सीएमएचओ, ईई पीएचई, जिला प्रबंधक जल निगम, सीईओ जनपद बरघाट एवं जिला क्रम अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में अनपस्थित रूप से अनुपस्थित पाए गए जिला प्रबंधक वेयर हाऊस को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसी तरह सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा की दौरान 2 साल से अधिक समय होने के उपरांत भी मु यमंत्री संबल योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता का लाभ न देने की शिकायत पर जनपद बरघाट के शाखा प्रभारी द्वारा कार्यवाही न करना पाए जाने पर कले टर श्री सिंघल ने शाखा प्रभारी श्रीमती तिवारी का 7 दिवस का वेतन तथा सीईओ जनपद बरघाट का 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

कले टर श्री सिंघल ने समाधान ऑनलाईन के लिए चयनित विषयों के साथ 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतें में भी त्वरित कार्यवाही कर संतुष्टि से निराकरण दर्ज करने तथा जन शिकायत, सीएम मॉनिट, माननीय सांसद, माननीय विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पत्रों में त्वरित कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कले टर श्री सिंघल ने %%मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना%% के बेहतर क्रियांवयन सुनिश्चित करने के लिए सभी निर्माण विभाग, जिला उद्योग कार्यालय, जिला रोजगार अधिकारी को योजना का प्रचार प्रसार करते हुए प्रतिष्ठित निजि व्यवसायिक संस्थानों को योजना में पंजीकृत होते हुए इच्छुक अ यार्थियों को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इसी तरह बैठक में उपस्थित प्राचार्य महाविद्यालय, पॉलिटेनिक तथ आईटीआई इच्छुक विद्यार्थियों तक योजना की विस्तृत जानकारी पहुंचाने तथा पंजीकृत कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए दो चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी

सिवनी यशो:- विगत शनिवार 27 मई को कले टर श्री ब्रितिज सिंघल द्वारा जिला चिकि त्सालय का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में पदस्थ चिकि त्सा विशेषज्ञ डॉ टी.आर.वान्दे एवं डॉ दीपक अग्निहोत्री प्रातः 09.50 बजे तक जिला चिकित्सालय में अनुपस्थित पाए गए। कले टर श्री सिंघल द्वारा उक्त दोनो चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाएगा जून माह

सिवनी यशो:- सोमवार 29 मई को को जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाये जाने एवं अन्य वै टर जनित रोगों के प्रभावी रोकथाम हेतु जिला टॉस्क फोर्स समिति एवं अंतरराष्ट्रीय एडवोकेसी एवं सामाजिक जुड़ाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में मलेरिया एवं अन्य वै टर जनित रोगों के प्रभावी रोकथाम हेतु चर्चा की गई साथ ही कले टर श्री ब्रितिज सिंघल द्वारा विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों को वै टर जनित बीमारियों की रोकथाम में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में मलेरिया अधिकारी के द्वारा प्रसेंटेशन प्रस्तुत किया गया। बैठक में सभी संबंधित विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

दावा-आपत्ति आमंत्रित

सिवनी यशो:- परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिवनी शहरी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार हेतु आंगनवाड़ी केन्द्र क्र.37 सोनी महार संजय वार्ड के आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पद हेतु आवेदकों से प्राप्त आवेदन सह दस्तावेजो के आधार पर परियोजना स्तरीय चयन समिति द्वारा अधिकतम प्राप्तांकों के आधार पर वरीयता सूची अनुसार आवेदक की अनंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। प्रकाशित अनंतिम सूची में किए गए चयन पर किसी आवेदिका को आपत्ति हो तो, वे प्रमाण सहित अनंतिम प्रकाशित तिथि से 7 दिवस के अंदर संबंधित कार्यालय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

×éØ×´æ ×ÜÕ¤ÜÕ¤ ×ÜÕ¤ ×æÕ ÖÜ×ÜÕ¤ÜÕ¤ ×ÜÕ¤ ÖÜ×ÜÕ¤ÜÕ¤ ×æÕ

माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ब्राह्मण बटुकों ने किया जनेऊ धारण

मंडला यशोः- माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा द्वारा सोमवार को ब्राह्मण बालकों का सामूहिक उपनयन संस्कार कराया गया। जिसमें 45 बालकों का उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष आकाश दीक्षित ने बताया कि माहिष्मती सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बार भी सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित गमलीला मैदान में ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया है। जिसमें मंडला जिले के विभिन्न स्थानों से लेकर आसपास के जिलों डिण्डौरी, शहडोल से भी आए ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार कराया गया है।

इसलिए जरूरी है व्रतबंध

उपनयन संस्कार करा रहे पुरोहितों ने बताया गया कि हिंदू धर्म के 16 संस्कारों में से 10वां संस्कार है उपनयन संस्कार। इसे यज्ञोपवीत या जनेऊ संस्कार भी कहा जाता है। उप यानी पास और नयन यानी ले जाना अर्थात् गुरु के पास ले जाने का अर्थ है उपनयन संस्कार। विधि-विधान के बाद ब्राह्मण बालकों का जनेऊ धारण कराया जाता है। जिसमें तीन सूत्र होते हैं। ये तीन सूत्र तीन देवता के प्रतीक हैं यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश। उपनयन संस्कार करा रहे पुरोहितों ने बताया कि यह संस्कार करने से ब्राह्मण बालकों को बल, ऊर्जा और तेज की प्राप्ति होती है उनके आध्यात्मिक भाव जागृत होता है। बताया गया कि उपनयन संस्कार में विवाह में होने वाली अधिकांश रश्मों का पालन किया जाता है।

केन्द्रीय मंत्री ने दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते भी पहुंचे। यहां उन्होंने उपनयन संस्कार करा रहे पुरोहितों को शॉल-श्रीफल देकर आशीर्वाद लिया। वहीं उन्होंने सभी बटुकों को उपनयन संस्कार करने पर शुभकामनाएं दी।

महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन

ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष ने बताया कि सोमवार की सुबह 9 बजे से वैदिक रीति से पूजन-विधान प्रारंभ किया गया, दोपहर 3 बजे तक सभी विधान पूरे कराए गए, इसके बाद सभी बटुकों को मां सिंहवाहिनी माता, मां नर्मदा के दर्शनों के लिए ले जाया गया और इसके बाद सभी बटुक बालक अपने परिजनों के साथ भगवान परशुराम मंदिर में एकत्रित हुए जहां भगवान परशुराम की महाआरती का आयोजन किया गया। आयोजकों द्वारा दूर-दूर से आए बटुकों के परिजनों के लिए भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई थी।

मु यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0: 75 हितग्राहियों को धारणाधिकार पटटे वितरित

मंडला यशोः- नारायणलिका टाउनहाल में मु यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 के अंतर्गत धारणाधिकार पटटे वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कठवाल, सांसद प्रतिनिधि प्रज्ञा मिश्रा, जयदत्त ज्ञा, एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके, नगरपालिका सीएमओ, जिला पंचायत सदस्य संदीप सिंह, अनुराग चौरसिया, जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के आवासीय एवं व्यवसायी 75 हितग्राहियों को नजूल मण्डला के तहत धारणाधिकार पटटे वितरित किए गए हैं। मु यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 जन-सामान्य की समस्याओं के निदान के लिए अभिनव पहल है। उन्होने कहा कि मु यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण में योजनाओं से छूटे हितग्राही के आवेदन लेकर उनका यथासंभव निराकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 31 को

मंडला यशोः- प्राचार्य आईटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय आईटीआई मंडला में 31 मई 2023 को प्रातः 10:30 बजे से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। के पस ड्राईव में व्हीई कमर्शियल भोपाल एवं पीथमपुर प्लांट के लिए किया जावेगा। 12वी पास एवं टर्नर, मशीनिष्ट, फिटर, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, ट्रेटर मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन एवं मैकेनिकल ग्रुप के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी प्लेसमेंट ड्राईव में सम्मिलित हो सकते हैं। चयनित 12वी पास अ यर्थियों को 9650 रूपए एवं आईटीआई पास अ यर्थियों को 10507 रु. प्रतिमाह स्टाइपेंड, कैंटीन एवं अन्य सुविधायें कंपनी द्वारा दिए जायेंगे। इच्छुक अ यर्थी उक्त दिनांक को अपने मूल दस्तावेज एवं रेज्यूम के साथ उपस्थित होवें।

आज आयुष स्वास्थ्य शिविर मोहगाँव में

मंडला यशोः- जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि शासकीय कन्या शाला बस स्टेंड मोहगाँव में 30 मई 2023 को आयुष मेला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रभारी आयु.चिकि.अधि. डॉ. आशीष गौतरिया एवं हो.यो.चिकि.अधि. डॉ. गोविंद मरावी रहेंगे। शिविर के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

पंचायतों के उपनिर्वाचन हेतु समय-सीमा निर्धारित

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पंचायत उप निर्वाचन 2023 की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल 24 मई 2023 द्वारा ई.व्ही.एम. की एफाएल.सी., रेण्डमाईजेशन एवं कमीशनिंग के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गये है। पंचायत के जनपद सदस्य एवं सरपंच के उप निर्वाचन में ई.व्ही.एम. की एफएल.सी. और कमीशनिंग का कार्य जिले के स्थानीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया जाएगा। पंचायत उप निर्वाचन के दौरान डीईओ एवं आरओ रेण्डमाईजेशन तथा कमीशनिंग की प्रक्रिया पृथक-पृथक कराई जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन की कार्यवाही हेतु समय-सीमा निर्धारित की गई है जिसमें एफएलसी पॉलीटॉर्ट नक कॉलेज मंडला में 3 जून 2023 को प्रातः 11 बजे से 5 जून 2023 तक, डीईओ लेवल रेंडमाईजेशन कले ट्रेट गोलमेज सभाकक्ष में 6 जून को प्रातः 11 बजे से, आरओ लेवल रेंडमाईजेशन कले ट्रेट गोलमेज सभाकक्ष मे 7 जून को प्रातः 11 बजे से तथा कमीशनिंग का कार्य पॉलीटॉर्ट नक कॉलेज मंडला में 8 जून को प्रातः 11 बजे से 10 जून 2023 तक किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु 13 जून 2023 को निर्वाचन निर्धारित है। पंचायत उप निर्वाचन हेतु निर्धारित समय सीमा में ई.व्ही.एम मशीनों को मतदान केन्द्रवार पृथक करने कार्य में मशीनों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम मशीनों को सुरक्षित रखने एवं संपन्न कराने हेतु श्री आर.के. बांगरे, जिला सस्थागत वित्त अधिकारी नियुक्त हैं। डॉ. टीपी मिश्रा एवं डॉ. श्रीकांत श्रीवास्तव जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं सहायक अधिकारी नियुक्त हैं। नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी 3 जून 2023 को रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलीटॉर्ट नक कॉलेज मण्डला में पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति प्रभारी अधिकारी को देते हुये प्रभारी अधिकारी ई.व्ही.एम. के निर्देशन में कार्य स पादित करेगें। ई.व्ही.एम. मशीनों के एफएलसी हेतु पूर्व तैयारी के लिये स्ट्रांग रूम 1 जून 2023 खोला जाएगा। समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मिक अपनी उपस्थिति 31 मई 2023 को आर.के. बांगरे, जिला संस्थागत वित्त अधिकारी मण्डला को देना सुनिश्चित करेंगें।

सीएम हेल्पलाईन के बेहतर निराकरण के लिए मिले प्रशस्ति पत्र

कले टर ने ली बैठक

मंडला यशोः- सीएम हेल्पलाईन के विगत माह हुए बेहतर निराकरण के लिए कले टर डॉ. सत्येन्द्रे सिडाना ने अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर स मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी लगातार शिकायत निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों की समीक्षा की एवं कहा कि पुरानी शिकायतों को भी निराकरण में प्राथमिकता दें। डॉ. सिडना ने सीएम जनसेवा अभियान 2.0 के तहत प्राप्त होने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की। बैठक में उन्होंने पूरक पोषण आहार, उपार्जन, संबल, विभागीय समन्वय से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। कले टर ने सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया कि बारिश से पूर्व नालों-नालियों की सफाई सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रानी बाटड, सभी एसडीएम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

लाड़ली बहना के स्वीकृति पत्र वितरण के लिए प्लान करें

कले टर ने बैठक में मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना की समीक्ष करते हुए कहा कि आगामी 2 से 3 दिनों में बैंक डीबीटी, बैंक लिंकेज एवं आपत्ति निराकरण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि 1 से 9 जून तक स्वीकृति पत्र वितरण की समस्त तैयारियाँ पूर्ण करें। साथ ही अलग-अलग स्तरों पर स्वीकृति पत्र वितरण तथा 10 जून 2023 के कार्यक्रम के लिए प्लान करें। डॉ. सिडाना ने बैठक में राजस्व अधिकारियों से धारणाधिकार, भू-अधिकार आवासीय योजना के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने मु यमंत्री ब्याज माफी योजना तथा मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना की जानकारी देते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

प्राचार्यों के प्रशिक्षण का प्रथम बैच संपन्न

मंडला यशोः- समग्र शिक्षा अभियान लोक शिक्षण मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार

शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार हेतु शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग के जिला मण्डला के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य का राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त 4 मास्टर ट्रेनर द्वारा वित्तीय प्रशासनिक एवं अकादमिक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी सुनैना बर्वे, एपीसी मुकेश पांडे की उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एमएस सिद्दाम सहायक संचालक द्वारा सतत मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। प्राचार्यों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण का द्वितीय बैच 29 मई से 2 जून 2023 तक तथा तृतीय बैच 7 जून से 11 जून 2023 तक महिष्मती सीटीसी ट्रेनिंग सेन्ट्रल बीआरसी भवन में पॉलीटॉर्ट नक कॉलेज के पास आयोजित किया जा रहा है।

महिला के हत्यारे को बंडोल पुलिस ने लिया अपनी गिर त में

ओरोपी पुराने विवाद को लेकर मृतिका से रखता था रंजिश

सिवनी यशोः- बंडोल दिनाँक 27.05.2023 को थाना बंडोल मे सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छुआई मे एक महिला को गेती से हमला कर चोट पहुँचाई गई जिससे वह मृत हो गई है सूचना पर थाना प्रभारी बंडोल व्दारा तत्काल हमराह स्टाफ के ग्राम छुआई पहुँच घटना के संबध मे जानकारी प्राप्त की गई जिसमे पाया गया कि ग्राम छुआई का प्रदीप बघेल का करीब एक माह पूर्व मृतिका संगीता बदेवार के साथ मृतिका के घर के सामने बैठकर शराब पीने से मना करने पर विवाद हुआ था जो समय से ओरोपी प्रदीप बघेल मृतिका से रंजिश रखे थे, घटना दिनाँक 27.05.2023 को मृतिका संगीता बदेवार का पति मजदूरी करने गाँव

मे गया था बच्चे रिश्तेदारी मे गये थे मृतिका को घर मे अकेली पाकर ओरोपी प्रदीप बघेल ने हत्या करने के उद्देश से गेती से हमला किया जिससे बचने के लिये मृतिका मोहल्ले के छोटू बघेल के घर तरफ भागी जहाँ ओरोपी ने मृतिका का पीछा कर छोटू बघेल के घर के सामने गेती से हमला कर संगीता बदेवार की हत्या किया व मौके से भाग गया ।

पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन मे व श्री पुरूषोत्तम मरावी एसडीओपी सिवनी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल श्री दिलीप पंचेश्वर व्दारा तत्काल टीम गठित कर एक टीम मृतिका के शव की पंचनामा कार्यवाही मे लगाया गया व एक टीम आरोपी तलाश मे रवाना किये । पुलिस को देखकर आरोपी भागने की फिराक मे नहर मे कूद गया जिसे हिकमत अमली से कडी मशक्कत के बाद जान जोखिम मे डालकर पुलिस व्दारा गिर तार किया गया है । आरोपी की निशदेही पर घटना मे प्रयुक्त गेती जप्त की गई व आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से जैल वारंट बनाये जाने पर जेल दाखिल कराया गया है ।

महिलाओं को दूर-दराज पानी लाने की समस्या से मिली निजात

धनगांवमाल में हर घर तक पहुंच रहा पेयजल

मंडला यशोः- जल-जीवन मिशन के तहत नलजल योजना के संचालित होने से ग्राम धनगांव माल के परिवारों को नियमित रूप से पेयजल मिल रहा है। अब महिलाओं को पेयजल के लिए दूर दराज के स्थानों पर स्थित पेयजल स्त्रोतों पर नहीं जाना पड़ता। जल-जीवन मिशन से महिलाओं को पानी लाने की समस्या से निजात मिल गई है। गांव की सभी महिलाएं घर में ही पानी मिलने से खुश हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत धनगंव माल के प्रत्येक घरों में नल-जल योजना के माध्यम से पानी मिलने लगा है। गांव की महिलाएं बताती हैं कि पानी के लिए पहले कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब घर में नल लग जाने से समय की बचत के साथ-साथ घर पर ही पानी की सुविधा हो गई है, इससे अन्य पारिवारिक कार्यों के लिए भी समय मिल जाता है। धनगांव माल के सभी परिवारों में जल-जीवन मिशन से घर-घर पानी मिलने लगा है। वहां के ग्रामवासी भी काफी खुश है। गांव में जल समिति भी बनाई गई है।

जल-जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग मण्डला एवं वैशाली स्वयंसेवी संस्था जबलपुर जिसमें आईएफए टीम द्वारा ग्राम स्तर पर पांच दीदियों को घर-घर पहुंचने वाले पानी की गुणवत्ता मापने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

बच्चों की समस्याओं के निराकरण में समाज का सहयोग अत्यंत आवश्यक - अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने शिविर लगाकर सुनीं समस्याएं

मंडला यशोः- राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न विभागों एवं योजनाओं के माध्यम से बाल संरक्षण, उनके पुनर्वास एवं उनकी बेहतरी के लिए वृहत स्तर नीतिगत एवं कानूनी आधार पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जुवेनाईल ऐ ट में भी बाल संरक्षण एवं अधिकारों के संबंध में अनेक नए प्रावधान भी जोड़े गए हैं। अध्यक्ष श्रीकानूनगो ने कहा कि बच्चों की समस्याओं का निराकरण सिर्फबच्चों के माध्यम से ही नहीं वरन इसके निराकरण के लिए पूरे समाज के सहयोग की अत्यंत आवश्यकता है। इस दौरान श्री कानूनगो ने जिला प्रशासन के सहयोग से मंडला ज़िले के बच्चों से चर्चा करते हुए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न विभागों एवं योजनाओं के माध्यम से बाल संरक्षण, उनके पुनर्वास एवं उनकी बेहतरी के लिए वृहत स्तर नीतिगत एवं कानूनी आधार पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जुवेनाईल ऐ ट में भी बाल संरक्षण एवं अधिकारों के संबंध में अनेक नए प्रावधान भी जोड़े गए हैं। अध्यक्ष श्रीकानूनगो ने कहा कि बच्चों की समस्याओं का निराकरण सिर्फबच्चों के माध्यम से ही नहीं वरन इसके निराकरण के लिए पूरे समाज के सहयोग की अत्यंत आवश्यकता है। इस दौरान श्री कानूनगो ने जिला प्रशासन के सहयोग से मंडला ज़िले के बच्चों की समस्याओं के चिन्हांकन, मैपिंग तथा उनके शिविर लगाने संबंधी समस्त गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ओमकार सिंह, अनुराग पांडे तथा मेघा पवार उपस्थित थी।

शिविर में व्यक्तिगत शिकायतों के 458 आवेदन, 238 निराकृत

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा 28 मई को प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक योजना भवन में लगाए गए समस्या निवारण शिविर में व्यक्तिगत समस्याओं के 458 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 238 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। आयोग ने प्राप्त होने वाले कोविडकेयर बालनवरात के 103, 5 आकांक्षी विकासखंड के 2305 ड्रापआउट बच्चों, पास्को के 42 मुआवजा प्रकरण तथा विधुत, जलविहीन एवं भवन विहीन आंगनवाड़ी के विषयों से संबंधित आवेदनो पर संज्ञाओं लिया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 15 दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाए गए। शिविर के प्रारंभ में बैगा नृतक दल ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो एवं सदस्यों की अगवानी की। कले टर डॉ. सत्येनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। आयोग के अध्यक्ष श्री कानूनगो ने पंजीयक डेस्क का निरीक्षण किया तथा शिविर में पहुंचे बच्चों एवं उनके परिजनों से आत्मीय मुलाकात भी की।

जनसंपर्क अभियान की लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न

केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते सहित लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारी हुए शामिल

मण्डला यशोः- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण कर रही है इस अवसर पर 30 मई से 30 जून तक संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा। लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में एवं बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अभियान को लोकप्रायी बनाने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में केंद्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री मण्डला सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते की उपस्थिति में लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई जिसमें लोकसभा क्षेत्र के सभी 8 विधानसभा में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिये गये कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए प्रभारी, सहप्रभारी सहित अभियान समिति की टीम गठित कर नि मेदारी तय की गयी। बैठक में केन्द्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते जिला प्रभारी श्री आशीष दुबे, श्रीमति अश्विनी परांजपे, विधायक श्री देवसिंह सैयाम, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, डिण्डोरी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अवधराज किन्नेया, जिला महामंत्री भगवती श्रीधर, नीरज मरकाम, सुरभैर कसार, पारस असरानी, सुखमा मिश्रा, ज्ञानदेव त्रिपाठी, रतनसिंह ठाकुर, संतोष दुबे, कृष्ण कुमार चौकसे, आशैष गोलहानी, डॉ हरगोविंदसिंह पटेल, नंदकिशोर ठाकुर, जयसिंह मरवी, बद्री प्रसाद साहू, दुर्गेश साहू, संतोष दुबे उपस्थित थे।

जल-जीवन मिशन योजना गांवों के लिए बनी वरदान

मंडला यशोः- शासन की जल-जीवन मिशन योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्याओं का निदान हो रहा है। लाभान्वित हितग्राहियों ने चर्चा के दौरान बताया कि जल-जीवन मिशन के अंतर्गत नलजल योजना से घरों में पाईपलाईन के माध्यम से पानी मिल रहा है। पहले एक से डेढ किलोमीटर की दूरी से पानी लाना पड़ता था जिससे अधिक समय लगता था और पानी लाने के लिए बहुत मेहनत करना पड़ता था। जब से जल-जीवन मिशन आया है, हम लोगों को पानी की बड़ी सुविधा हो गई है, अब पहले की तुलना में बहुत आराम है। महिला हितग्राही ने नलजल योजना की सौगात मिलने पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बाँझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297